# स्वच्छता ही सेवा के तहत भेलवा तालाब में सामुहिक श्रमदान कर शपथ दिलाया गया

**भिलाईनगर।** छत्तीसगढ़ शासन नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा स्वच्छ भारत मिशन शहरी 2.0 के स्वच्छता ही सेवा अभियान अंतर्गत ''एक दिन, एक घंटा, एक साथ'' थीम पर शासन के मंशानुरूप महाश्रमदान, स्वच्छता शपथ, सफाई मित्रों का सम्मान, वृक्षारोपण एवं स्वच्छता रैली का आयोजन किया गया है। नेहरू नगर स्थित भेलवा तालाब में दिनांक 25 सितम्बर गुरूवार को स्वच्छता ही सेवा अभियान का कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में सांसद विजय बघेल, कलेक्टर अभिजीत सिंह, आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय, नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा, महापौर परिषद के सदस्य लक्ष्मीपति राजू, संदीप निरंकारी, महेश वर्मा, पार्षद चंदेश्वरी बांधे, सांसद प्रतिनिधि प्रमोद सिंह की उपस्थिति रही। स्वच्छता के प्रति जागरूकता लाने हेतु शपथ दिलाया गया। शहर में स्वच्छता क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सफाई मित्रों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। सांसद एवं कलेक्टर द्वारा स्वच्छता को अपने जीवन में उतारने के लिए उदबोधन दिया गया। कहा गया कि जो हम संकल्प ले रहे है, उसका पालन करना है। जिससे हमारा गली, मोहल्ला, शहर और देश स्वच्छ हो सके। नगर निगम भिलाई के सभी आम नागरिक स्वच्छता को अपना प्रति दिवस का दिनचर्या समझे और स्वच्छता में विशेष सहयोग करें। निगम आयुक्त द्वारा स्वागत भाषण एवं स्वच्छता के प्रति लोगो को जागरूक रहने की आवश्यकता बताया गया। भिलाई को स्वच्छता के कतार में प्रथम लाने हेतु सभी की सहयोग की आवश्यकता है, हम सभी को मिलकर सार्वजनिक स्थलो का साफ–सफाई करना है। तालाब परिसर की साफ–सफाई की गई एवं हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वृक्षारोपण कर सामुहिक महाश्रमदान किया गया। नागरिको में स्वच्छता के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से रैली का आयोजन भेलवा तालाब, जोन 01 कार्यालय, अग्रसेन चौंक, नेहरू नगर चौंक होते हुए वापस भेलवा तालाब में समापन किया गया। जोन क्रमांक 4 शिवाजी नगर अंतर्गत वार्ड क्रं. 43 बापू नगर उद्यान में रजत जयंती एवं स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय, जोन आयुक्त अमरनाथ दुबे, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, पार्षद सरिता देवी, गिरजा बंछोर एवं उपस्थित नागरिकों द्वारा तालाब एवं उद्यान की साफ–सफाई किया गया। हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पौधा रोपण किए एवं नागरिको में सफाई के प्रति जागरूकता लाने महाश्रमदान किया गया। इस अवसर पर उद्यान अधिकारी तिलेश्वर साहू, सहायक अभियंता प्रिया करसे, उप अभियंता चंद्रकांत साहू, सहायक उद्यान अधिकारी संजय शर्मा, सहायक राजस्व अधिकारी बालकृष्ण नायडू, ब्रिजेन्द्र परिहार, स्वच्छता निरीक्षक अतूल यादव, जोनल, वार्ड सुपरवाइजर, स्वच्छता दीदीयां उपस्थिति रहे। जोन क्रमांक 04 स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी मीडियम, पंडित जवाहर लाल नेहरू स्कूल न्यू खुर्सीपार में स्कूली बच्चों द्वारा स्वच्छता की पाठशाला का आयोजन किया गया। सभी अधिकारी, कर्मचारीगणों की उपस्थिति में शहर को साथ–सुथरा एवं सुंदर बनाए रखने शपथ लिए। कार्यक्रम में स्कूल के प्राचार्य एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे।

